This question paper contains **8+2** printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**5711**

**B.Com./II** **D**

Paper VIII—COMPANY AND COMPENSATION LAWS

(Admission of 2006 onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 55

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— (*i*) Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

(*ii*) The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. 'A'). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB at the time of posting of awards for compilation of result.

**टिप्पणी** : (*i*) इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

P.T.O.

(*ii*) प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों श्रेणी 'A' के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

Attempt *all* questions.

*All* questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्न कीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. (*a*) "A Company is an artificial person created by law with perpetual succession and common seal." Explain the characteristics of a company in the light of above statement. 6

''कंपनी शाश्वत उत्तराधिकार और सामान्य मुद्रा वाली विधि द्वारा सृजित कृत्रिम व्यक्ति है ।'' उपर्युक्त कथन को ध्यान में रखते हुए कंपनी के अभिलक्षण स्पष्ट कीजिए ।

(*b*) Distinguish between pre-incorporation contract and provisional contract. State their legal position. 5

निगमन-पूर्व संविदा और अनंतिम संविदा में विभेद कीजिए । उनकी विधिक स्थिति बताइए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What is Memorandum of Association ? Explain the law relating to alteration of objects clause of Memorandum of Association. 6

संगम-ज्ञापन से क्या तात्पर्य है ? संगम-ज्ञापन के उद्देश्य खंड में परिवर्तन से संबंधित विधि को स्पष्ट कीजिए ।

(*b*) Distinguish between Private Company and Public Company. 5

निजी कंपनी और सार्वजनिक कंपनी में विभेद कीजिए ।

2. (*a*) What is allotment of shares ? What are the legal provisions regarding valid allotment ? 6

शेयरों के आवंटन से क्या तात्पर्य है ? विधिमान्य आवंटन से संबंधित विधिक उपबंध क्या हैं ?

(*b*) Write short notes on any *two* of the following 5

(*i*) Shelf Prospectus

(*ii*) Abridged Prospectus

(*iii*) Deemed Prospectus.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) शेल्फ प्रॉस्पेक्टस

(*ii*) संक्षिप्त प्रॉस्पेक्टस

(*iii*) डीम्ड प्रॉस्पेक्टस ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What is 'Demat System' ? Discuss the advantages of demat system. 6

'डिमेट प्रणाली' क्या है ? डिमेट प्रणाली के लाभों का विवेचन कीजिए ।

(*b*) What are rights shares ? Discuss the provisions of the Companies Act, 1956 regarding issue of right shares. 5

अधिकाराश्रित शेयरों से क्या तात्पर्य है ? अधिकाराश्रित शेयर के निर्गम से संबंधित कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों का विवेचन कीजिए ।

3. (*a*) Distinguish between transfer and transmission of shares. 6

शेयरों के अंतरण और पारेषण में विभेद कीजिए ।

(*b*) What is Extra ordinary General Meeting ? Who can call such a meeting ? Explain. 5

असाधारण सामान्य अधिवेशन से क्या तात्पर्य है ? इस प्रकार का अधिवेशन कौन बुला सकता है ? स्पष्ट कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What is winding up of a company ? Explain the cases when the courts regard it as just an equitable to order winding up of a company. 6

कंपनी के परिसमापन से क्या तात्पर्य है ? उन स्थितियों को स्पष्ट कीजिए जब न्यायालय किसी कंपनी के परिसमापन के आदेश को न्यायसंगत और साम्यापूर्ण मानता है ।

(*b*) The articles of association of Ram Limited provide 500 equity shares of rupees 10 each as qualification shares. In the general meeting of Ram Limited, Mr. Shyam, who is not a shareholder of the company, is appointed as its director. Advise Mr. Shyam. 6

राम लिमिटेड के संगम अंतर्नियमों में 10 रु. प्रति शेयर के 500 शेयरों का अर्हतादायी शेयरों के रूप में प्रावधान है । राम लिमिटेड के साधारण अधिवेशन में श्री श्याम को, जो कंपनी के शेयरधारी नहीं हैं, निदेशक नियुक्त किया गया है । श्री श्याम को सलाह दीजिए ।

4. (*a*) What are the different types of benefits available to employees under Employees' State Insurance Act, 1948 ? Explain. 6

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की क्या प्रसुविधाएँ उपलब्ध हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

(*b*) Explain the following terms under E.S.I. Act, 1948 :

(*i*) Factory

(*ii*) Employment Injury. 5

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत निम्न-लिखित पदों को स्पष्ट कीजिए :

(*i*) कारखाना

(*ii*) नियोजन-क्षति ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) How is Employees State Insurance Corporation constituted under E.S.I. Act, 1948 ? 6

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम किस प्रकार गठित हुआ ?

(*b*) Distinguish between permanent partial disablement and permanent total disablement under E.S.I. Act, 1948. 5

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत स्थायी आंशिक निःशक्तता और स्थायी पूर्ण निःशक्तता में विभेद कीजिए ।

5. (*a*) Discuss the liability of the employer to pay compensation to an employee under 'Workmen's Compensation Act, 1923'. 6

'कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923' के अंतर्गत कर्मचारी को प्रतिकर देने के बारे में नियोक्ता के दायित्व का विवेचन कीजिए ।

(*b*) Define the terms 'employer' and 'employee' under 'Workmen's Compensation Act, 1923'. 5

कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923' के अंतर्गत 'नियोक्ता' तथा 'कर्मचारी' पदों को परिभाषित कीजिए ।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) How is the amount of compensation determined under the 'Workmen's Compensation Act, 1923' ? 6

'कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923' के अंतर्गत प्रतिकर की राशि का निर्धारण किस प्रकार किया जाता है ?

(*b*) The deceased motor drive was attacked and murdered by the dacoits while he was on duty driving the vehicle. Will his dependents get the compensation under the 'Workmen's Compensation Act, 1923' ? 5

मृतक मोटर ड्राइवर पर, जब वह ड्यूटी पर होते हुए वाहन को चला रहा था, डाकुओं ने हमला किया और उसकी हत्या कर दी । क्या उसके आश्रितों को 'कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923' के अंतर्गत प्रतिकर मिलेगा ?